Seat No. : _______________

DP-121

December-2013

B.A. Semester - 1

EC-I(103) : Hindi Elective

(मध्यकालीन हिन्दी कविता)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. निम्नलिखित सामान्य प्रश्न का **900** शब्दों में उत्तर दीजिए : **14**

‘नज़र ये किसकी लगी’ गज़ल में कवि ने सांप्रदायिक दंगों की भयानकता को बड़े ही मार्मिक ढंग से उजागर किया है – सोदाहरण समझाइए ।

अथवा

‘विषवृक्ष और तुम’ कविता में निरूपित वर्गीय चेतना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

2. निम्नलिखित सामान्य प्रश्न का **900** शब्दों में तथा ससंदर्भ व्याख्या का **450** शब्दों में उत्तर दीजिए : **14**

(क) ‘नींव की ईंट हो तुम दीदी’ कविता में स्त्री जीवन की कठिनाइयों को सहज आत्मीयता से उद्घाटित किया गया है – प्रमाणित कीजिए ।

अथवा

(ख) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(i) “धुप, सुरजा नहीं है मालिक
जिसे आप अपनी बैठक में उँकडू बैठा कर
गरियाते रहे
और पीटते रहे ।”

(ii) “दो हाथियों की लड़ाई में
सबसे ज्यादा कुचली जाती है
घास, जिसका
हाथियों के समूचे कुनबे से
कुछ भी लेना-देना नहीं ।”

3. निम्नलिखित सामान्य प्रश्न का **900** शब्दों में तथा लघु प्रश्न का **450** शब्दों में उत्तर दीजिए : **14**

(अ) दुष्यन्त कुमार ने अपनी गज़लों में आम आदमी की मर्मान्तक पीड़ा को अभिव्यक्त किया है – सिद्ध कीजिए ।

अथवा

(आ) संक्षेप में लिखिए :

(i) ‘इस नदी की धार में’ गज़ल में कवि का आशावाद ।

(ii) ‘ये रोशनी है हक़ीकत’ गज़ल का भावार्थ ।

4. निम्नलिखित सामान्य प्रश्न का **900** शब्दों में तथा ससंदर्भ व्याख्या का **450** शब्दों में उत्तर दीजिए : **14**

(क) ‘घर में वापसी’ कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

(ख) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(i) “– मेरी निगाह में
न कोई छोटा है
न कोई बड़ा है
मेरे लिए, हर आदमी एक जोड़ी जूता है ।”

(ii) “ऐसी क्या हड़बड़ी कि जल्दी में पत्नी को
चूमना –
देखो, फिर भूल गया ।”

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(अ) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) धूमिल का पूरा नाम क्या है ?

(a) श्रीदामा पांडेय (b) चुलबुल पांडेय
(c) बजरंग पांडेय (d) सुदामा पांडेय

(2) आदमी कब मर जाता है ?

(a) कुछ नहीं खाने और कुछ नहीं पीने पर
(b) कुछ नहीं सोने और कुछ जागते रहने पर
(c) कुछ नहीं सोचने और कुछ नहीं बोलने पर
(d) कुछ नहीं करने और कुछ नहीं धरने पर

(3) दुष्यन्त कुमार के एक मात्र ग़ज़ल-संग्रह का नाम क्या है ?

(a) साये में धूप (b) सूर्य का स्वागत
(c) मसीहा मर गया (d) नदी की चीख़

(4) नेहरू युग का मोहभंग की गहरी और विशिष्ट अनुभूति किसकी कविताओं से गुजरते हुए होती है ?

(a) उदय प्रकाश (b) सुल्तान अहमद
(c) दुष्यन्त कुमार (d) धूमिल

(5) सुल्तान अहमद की पहली आलोचना पुस्तक का नाम बताइए ।

(a) शीशे के मकाँ वाले (b) ख़ामोशियों में बंद ज्वालामुखी
(c) कहानीकार निर्मल वर्मा (d) उठी हुई बाहों का समुद्र

(आ) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) 'ये सारा जिस्म झुककर' गज़ल कवि ने अपने ________ को समर्पित की है ।
(पुत्र, मित्र, पिता)

(2) कविता और गज़ल रचना के क्षेत्र में ________ की विशेष पहचान है ।
(दुष्यन्त कुमार, धूमिल, सुल्तान अहमद)

(3) उदय प्रकाश ________ के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हैं ।
(मोहनदास, सुनो कारीगर, तिब्बत)

(4) 'सिर्फ़ ________ खड़ा करना मेरा मकसद नहीं ।' (बवंडर, हंगामा, हौवा)

(5) धूमिल लोहे का स्वाद ________ से पूछना चाहते हैं । (लोहार, मालिक, घोड़े)

(इ) सही जोड़े मिलाइए :

	क		**ख**
1.	डर लगता है	A.	दुष्यन्त कुमार
2.	संसद से सड़क तक	B.	उदय प्रकाश
3.	एक कंठ विषपायी	C.	सुल्तान अहमद
4.	एक भाषा भी होती है	D.	धूमिल

____

Seat No. : _______________

DP-121

December-2013

B.A. Semester - 1

EC-I (103) : Functional Hindi

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : **सभी** प्रश्न के अंक समान हैं ।

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्द में लिखिए : **14**
राजभाषा और राष्ट्रभाषा का महत्त्व बताते हुए इन दोनों के बीच का अंतर स्पष्ट कीजिए ।
अथवा
राजभाषा हिन्दी की संरचना स्पष्ट करते हुए राजभाषा कार्यान्वयन समितियों पर प्रकाश डालिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्द में लिखिए : **14**
राजभाषा आयोग की विस्तार से चर्चा कीजिए ।
अथवा
राजभाषा संकल्प – 1968 तथा राजभाषा अधिनियम – 1976 पर प्रकाश डालिए ।

3. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्द में लिखिए : **14**
संक्षेपण का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उनके लाभ पर प्रकाश डालिए ।
अथवा
प्रारूपण का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्द में लिखिए : **14**
टिप्पण की विशेषताएँ बताते हुए उनके भेदों की चर्चा कीजिए ।
अथवा
पल्लवन का स्वरूप स्पष्ट करते हुए पल्लवन प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए ।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्न के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : **14**
(1) राजाभाषा का अर्थ बताइए ।
(2) राजभाषा को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?
(3) राजभाषा अधिनियम किस राज्य में लागू नहीं है ?
(4) राजभाषा आयोग में कितने अनुच्छेद हैं ?
(5) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष किसे बनाया जाता है ?
(6) राजभाषा का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था ?
(7) संक्षेपण शब्द संस्कृत की किस धातु से बना है ?
(8) संक्षेपण का अर्थ लिखिए ।
(9) प्रारूपण को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?
(10) पल्लवन का अर्थ बताइए ।
(11) पल्लवन के दो दृष्टांत बताइए ।
(12) टिप्पण को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?
(13) टिप्पण की भाषा कैसी होनी चाहिए ?
(14) कौन सी भाषा देश की राष्ट्रभाषा बन सकती है ?

____